तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 4 सितंबर 2025

13 स्कंध यूरिया खाद की 520 बोरियां जब्त दुकान संचालक को नोटिस जारी



14 शिक्षकों की कमी से पालक नाराज, जब तक व्यवस्था नहीं, तब तक बच्चों नहीं भेजेंगे स्कूल





## राजिम को सिंचाई की बड़ी सौगात, कोटरीनाला जलाशय के लिए 21.29 करोड़ की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर/मुड़ागांव(कोरासी)।

राजिम विधानसभा अंतर्गत छुरा विकासखंड की बहुप्रतिक्षित कोटरीनाला जलाशय परियोजना को अब प्रशासकीय स्वीकृति मिल गई है। यह संभव हो पाया है राजिम विधायक रोहित साहू के निरंतर प्रयासों से, जिन्हें इस योजना के लिए 21 करोड़ 29 लाख 42 हजार रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस स्वीकृति के बाद अब जलाशय के शीर्ष मरम्मत कार्य, मुख्य नहर और अन्य नहरों की रिमॉडलिंग एवं सीमेंट-कांक्रीट लाइनिंग का कार्य किया जाएगा।

विधायक रोहित साहू ने इस उपलब्धि पर हर्ष जताते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप और वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने इसे किसानों की जीत बताते हुए कहा कि हमने बनाया है, हम ही सवारेंगे के ध्येय पर काम करने वाली सरकार किसानों को सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। कोटरीनाला जलाशय परियोजना की स्वीकृति पर अनेक गांवों के किसान लाभान्वित होंगे, जिनमें परसदा खुर्द, खुड़ियाडीह, पाटसिवनी, अकलवारा, मुड़ागांव, अमलोर, देवगांव आदि प्रमुख हैं। क्षेत्रवासियों और किसानों ने विधायक रोहित साहू को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। आभार प्रकट करने वालों में हेमंत सिन्हा, पालेन्द्र साहू, पीलूराम यादव, राजेश निषाद, जयंत साहू सहित अनेक कार्यकर्ता व किसान शामिल रहे।

**खास बातें**

- विधायक की पहल से वर्षों पुरानी मांग पूर्णता की ओर
- छुरा क्षेत्र के हजारों किसानों को मिलेगा सीधा लाभ





### सिंचाई परियोजनाओं की श्रृंखला में एक और उपलब्धि

पूर्व में भी विधायक रोहित साहू के प्रयासों से पिपरछेड़ी जलाशय (85 करोड़), देवगांव और अमानाला जलाशयों को मंजूरी मिल चुकी है। फिंगेश्वर के परसदा वितरक शाखा, कुरुसकेरा उपवितरक शाखा अंतर्गत नहरों की सीसी लाइनिंग के लिए भी 3.13 करोड़ की स्वीकृति मिली है। इससे पोखरा, रक्सा, परसदा जोशी आदि गांवों के किसानों को सिंचाई सुविधा का लाभ मिलेगा।

### किसानों के संघर्ष को मिला परिणाम

विधायक रोहित साहू ने बताया कि इस परियोजना की माँग वर्षों से लंबित थी। छुरा क्षेत्र के किसानों की आवाज को भाजपा सरकार ने गंभीरता से लिया। मुख्यमंत्री से लेकर जल संसाधन मंत्री तक से लगातार संपर्क कर इस योजना को धरातल पर लाने का कार्य किया गया। अब इसके पूर्ण होने से 1485 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी, जिसमें पहले की 435 हेक्टेयर की कमी भी दूर हो जाएगी।

प्रवेश हेतु अंतिम अवसर
सत्र - 2025-26
B.Ed. काउंसलिंग से प्रवेश
B.Ed | BCA | PGDCA | DCA | B.P.Ed. | B.P.E.S | B.COM | B.Sc [CS/IT]
PG Diploma in yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं.र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
प्राचार्य - 9926162830

आवश्यकता है
कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये
•सेल्समेन-सेल्सगर्ल
•कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
•लेडिस स्टॉफ
आकर्षक वेतन दिया जाएगा
काका होजियरी
गंज रोड, नवापारा (राजिम)
फोन : 9893744470

B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065

### मानसून से पहले पहुंचते हैं हजारों किलोमीटर दूर से प्रवासी पक्षी

# देवदहरा, कुलाप व सिकासार जलप्रपात साईबेरियन पक्षियों से हुआ गुलजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर।



गरियाबंद जिले के उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र में स्थित देवदहरा, कुलाप, बोतलधारा और सिकासार जलप्रपात इन दिनों प्रवासी पक्षियों के कारण चर्चा में हैं। यहां साइबेरियन मूल के पक्षियों ने जमावड़ा लगा लिया है। ये पक्षी सुबह-शाम टापुओं और ऊंचे वृक्षों पर मंडराते हुए स्थानीय लोगों और पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पिछले 17–18 वर्षों से हर वर्ष ये पक्षी जून महीने में ही पहुंच जाते हैं और दिसंबर तक रुकते हैं। वे यहां प्रजनन के उद्देश्य से आते हैं और मानसून के पूरे सीजन में क्षेत्र में सक्रिय रहते हैं। देवदहरा जलप्रपात के ऊपरी पहाड़ी हिस्सों जैसे सातधारा, भाईधारा और नागरधारा में इन पक्षियों की संख्या इन दिनों लगातार बढ़ रही है।

- ग्रामीण करते हैं देखरेख, बारिश और धान कटाई के बाद तक रहते हैं मेहमान

वर्तमान में सिकासार जलाशय, कुलाप जलप्रपात, और बोतलधारा के टापुओं में प्रवासी पक्षियों की चहचहाहट से वातावरण गुंजायमान है। सोशल मीडिया पर पर्यटक लगातार इन पक्षियों की तस्वीरें साझा कर रहे हैं। उदंती अभयारण्य के गोड़ेनाफाल क्षेत्र में भी ये पक्षी दिखाई दे रहे हैं। देवदहरा इन दिनों प्राकृतिक प्रेमियों और पक्षी प्रेमियों के लिए एक प्रमुख पर्यटन स्थल बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि धान कटाई के बाद, नवंबर–दिसंबर में यह पक्षी धीरे-धीरे वापस लौट जाते हैं। इन पक्षियों का आगमन न केवल प्राकृतिक सुंदरता बढ़ाता है बल्कि स्थानीय जैव विविधता को भी समृद्ध करता है।

### प्राकृतिक संकेतक बन गए हैं यह पक्षी

देवदहरा जलप्रपात के आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि जैसे ही ये पक्षी क्षेत्र में पहुंचते हैं, उन्हें बारिश के आने का संकेत मिल जाता है। ग्रामीण मनबोध ठाकुर, देवीसिंह, कृष्णकुमार नेताम, और चरणसिंह सोरी ने बताया कि ये पक्षी मोखाघाट नदी के किनारे बड़ों वृक्षों पर अपना घोंसला बनाते हैं। अनुकूल वातावरण और भोजन की उपलब्धता इन्हें इस क्षेत्र में खींच लाती है। ग्रामीण न केवल इन्हें नुकसान नहीं पहुंचाते, बल्कि इनकी देखभाल भी करते हैं।



### अब मैनपुर नगर के आसपास भी दिखने लगे हैं प्रवासी पक्षी

पिछले 2–3 वर्षों से मैनपुर नगर और आसपास के क्षेत्रों जैसे हरदीभाठा तालाब और जाड़ापदर सिंचाई तालाब में भी इन प्रवासी पक्षियों को देखा जा रहा है। हालांकि यहां इनकी संख्या कम रहती है। स्थानीय लोगों के अनुसार ये पक्षी केवल बारिश के मौसम में ही नजर आते हैं और शांत वातावरण में विचरण करते हैं।




## राजिम में पहली बार ईडी का छापा, संदिग्ध ठिकानों पर दबिश

**राजिम।** गरियाबंद जिले के राजिम में ईडी का छापा पड़ा है। इस छापे को लेकर पूरा राजिम शहर और नवापारा में चर्चा गर्म रहा। यह पहला घटना है जब ईडी के लोग राजिम पहुंचे। जानकारी के मुताबिक राजिम बस स्टेण्ड से चंद कदम दूर फिंगेश्वर मार्ग पर उगम राज कोठारी तथा देवेंद्र कोठारी के मकान और दुकान में बुधवार को सुबह ईडी ने दबिश दी।



बता दें कि कृषि यंत्रों की सप्लाई से जुड़े इस परिवार के ठिकानों पर छापेमारी की गई है। दो इनोवा गाड़ियों में पहुंची ईडी की टीम ने पूरे घर को चारों ओर से सील कर दिया और दस्तावेजों की गहनता से तलाशी जारी है। घर के बाहर सुरक्षाबल तैनात है। ईडी की यह कार्यवाही किस मामले में हो रही है, इसका अभी तक आधिकारिक रूप से खुलासा नहीं हो पाया है। लेकिन सूत्रों की मानें तो मामला आर्थिक अनियमितताओं से जुड़ा होने की शंका की जा रही है। इस व्यापारी के गोडाउन के बाहर सुरक्षाबल भी तैनात है।

**खबर संक्षेप**

### यथार्थ को बाक्सिंग में मिला स्वर्ण पदक



**अभनपुर।** आयोजित राष्ट्रीय स्तर की किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में लिए यथार्थ द्विवेदी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस उपलब्धि के आधार पर लिए द्विवेदी का चयन अब आबू धाबी में होने वाली अंतर्राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए किया गया है।बताया गया कि यथार्थ द्विवेदी ने नवा रायपुर सेक्टर-27 स्थित एम-बी किक बॉक्सिंग एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर यह सफलता अर्जित की है। उनके चयन से कोच आर्यन सिंह, वरुण बाग सहित परिजनों, शुभचिंतकों एवं क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई प्रेषित की है।
फोटो संलग्न

### एसडीएम को अस्पताल में नहीं मिला एक भी डाक्टर



**मैनपुर।** एसडीएम के स्थानीय अस्पताल के औचक निरीक्षण में आज एक भी डाक्टर उपस्थित नहीं मिला। निरीक्षण एवं मरीजों से चर्चा के बाद एसडीएम में कलेक्टर को जांच प्रतिवेदन बनाकर भेज दिया है। जानकारी के अनुसार एसडीएम तुलसीदास मरकाम ने बुधवार को अपरान्ह 4 बजे के आसपास स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में तैनात सभी डॉक्टर नदारद मिले। इसके अलावा उपस्थिति पंजी में भी किसी का हस्ताक्षर नहीं था। ऐसी हालत देखकर एसडीएम ने नाराजगी जताते हुए इस मामले पर प्रतिवेदन आगे कार्रवाई के लिए गरियाबंद कलेक्टर को प्रस्तुत किया है।

## ब्लॉक के 4 शिक्षकों ने किया देहदान

**नवापारा-राजिम।** जिला प्रशासन रायपुर द्वारा चलाये जा रहे नवाचारी प्रोजेक्ट के अंतर्गत प्रोजेक्ट दधीचि से प्रेरित होकर शिक्षा विभाग अभनपुर ब्लॉक के चार कर्मचारियों ने देहदान की है। देहदान करने वाले शिक्षकों का सम्मान किया गया।



कलेक्टर व जिलास्तर के सभी उपस्थित अधिकारियों ने सभी देहदानियो के इस निर्णय पर सराहना की है। यह निर्णय न कि सिर्फ शिक्षा विभाग बल्कि समस्त आमजन के लिए प्रेरक निर्णय है। मरणोपरांत देहदान अनेक जरुरतमंद लोगों को सामान्य जीवन जीने के लिए अनमोल सहयोग साबित होगा। साथ ही सभी के द्वारा प्रोजेक्ट स्मृति पुस्तकालय के लिए 100 से अधिक किताबें भी दान की गई। बीईओ कार्यालय के लेखापाल जितेंद्र विश्वकर्मा के द्वारा रेडक्रॉस सोसाइटी के संरक्षक सदस्य के रूप में सदस्यता शुल्क 25 हजार के लिए भी सम्मानित किया गया।

**कर्मचारी बन रहे सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत: बीईओ :** विकासखंड शिक्षा अधिकारी धनेश्वरी साहू ने बताया कि यह हमारे विकासखंड के लिए बहुत ही गौरवपूर्ण बात है कि शिक्षा विभाग के कर्मचारी सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत बन रहे हैं।

### इन्होंने किया देहदान

देहदान करने वालों में शिक्षिका जानकी ज्योति वर्मा प्रभारी प्राचार्य हायर सेकंडरी टेकारी, बुद्धेश्वर प्रसाद बघेल संकुल समन्वयक परसदा विद्या मंदिर, तुलाराम रात्रे संकुल समन्वयक गोंड़पारा अभनपुर व बीरेंद्र पांडेय संकुल समन्वयक छछानपैरी ने रेडक्रॉस भवन सभागार में उपस्थित होकर देहदान का संकल्प लिया। जिला प्रशासन द्वारा शाल व प्रमाणपत्र से सभी देहदानियो को सम्मानित किया गया।

## 700 ग्राम गांजा जब्त एक आरोपी गिरफ्तार

**अभनपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दिशानिर्देश,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी सत्येन्द्र सिंह श्याम के नेतृत्व मे मुखबीर की सूचना पर ग्राम खोरपा मे 700 ग्राम मादक पदार्थ गांजा के साथ मानसिंग साहू पिता स्व बिसरू राम साहू को गिरफ्तार किया गया है,मिली जानकारी अनुसार आरोपी लंबे समय से गांजा बेच रहा था,बड़े तस्कर गांव के कोचियो को उनके घर पहुंचाकर गांजा उपलब्ध करा रहे है,नगरीय क्षेत्र के एक बड़ा गांजा तस्कर गिरफ्तारी के बाद अब लोग अभनपुर क्षेत्र के आसपास के गांवो मे पैठ जमाना शुरू कर दिये है इससे अधिकांश युवा नशे के आदि हो गये है,अभनपुर थाना प्रभारी सत्येन्द्र सिंह श्याम ने जानकारी देते बताया कि मुखबीर की सूचना पर आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर न्यायालय रायपुर भेजा गया है।

## भाजपा की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में गरियाबंद प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

आगामी सेवा पखवाड़ा को लेकर भाजपा की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें गरियाबंद जिले से विधायक रोहित साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, सेवा पखवाड़ा टोली के संयोजक एवं जिला महामंत्री डॉ. आशीष शर्मा, जिला उपाध्यक्ष प्रीतम सिन्हा, गुरुनारायण तिवारी, ईश्वर साहू तथा जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके शामिल हुए।

- 17 सितम्बर से वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन में होगा सेवा पखवाड़ा का आयोजन

कार्यशाला को भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया। इसमें राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय महामंत्री राधा मोहन दास, क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री संगठन यशवंत जैन, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांसद रूपकुमारी चौधरी, पूर्व प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा तथा कार्यालय सहप्रभारी प्रीतेश गांधी शामिल रहे। भाजपा प्रतिवर्ष 17 सितम्बर (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस) से 2 अक्टूबर (गांधी जयंती) तक सेवा पखवाड़ा मनाती है। इस दौरान स्वच्छता अभियान, "एक पेड़ माँ के नाम" वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, दिव्यांगजन व विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान, सांसद खेलकूद, विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता, मोदी विकास मैराथन, प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पर प्रदर्शनी, पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती और गांधी जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### गरियाबंद भाजपा की सराहना

कार्यशाला उपरांत प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने गरियाबंद भाजपा संगठन की मजबूती और आपसी तालमेल की सराहना की। उन्होंने हाल ही में हुए पुतला दहन कार्यक्रम की सफलता का उल्लेख करते हुए जिला भाजपा इकाई को सक्रिय और संगठित बताया।

### उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के बाद गरियाबंद में भी बाघ की उपस्थिति से अफसर हुए सक्रिय

# गरियाबंद वन मंडल के जंगल में बाघ दिखने से भारी दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/मैनपुर।

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में बाघ की मौजूदगी के बाद अब गरियाबंद वन मंडल के जंगलों में भी बाघ दिखने की सूचना ने ग्रामीणों में भारी दहशत फैला दी है। तीन दिन पहले प्रेम नेताम नामक ग्रामीण द्वारा बाघ दिखने की सूचना मिलने के बाद कई ग्रामीणों ने बाघ की दहाड़ सुनने और उसे देखने की बात बताई। इसके बाद वन विभाग के अधिकारी सक्रिय हो गए हैं।





गरियाबंद वन मंडल के डीएफओ लक्ष्मण सिंह ने बाघ की मौजूदगी की पुष्टि करते हुए बताया कि मैनपुर से करीब 22-25 किलोमीटर दूर वन मंडल के जंगल में करीब 4 साल का नर बाघ विचरण कर रहा है। वन विभाग ने नौ दल गठित कर 60 से 70 कर्मचारियों को तैनात किया है जो लगातार बाघ से जुड़ी सूचना एकत्रित कर रहे हैं। कुछ जगहों पर ट्रैप कैमरे भी लगाए गए हैं ताकि बाघ की तस्वीर कैद की जा सके।

### बाघ की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी: डीएफओ

डीएफओ लक्ष्मण सिंह ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि गरियाबंद वन मंडल में बाघ का रहना पुष्टि हुई है। बाघ की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। हम सभी सतर्क रहकर और विशेष इंतजाम करके बाघ और ग्रामीणों दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे।

### जंगल की तरफ न जाने की दी सलाह

वन विभाग ग्रामीणों को जंगल की तरफ जाने से बचने की सलाह दे रहा है। बताया गया है कि दो अलग-अलग गांवों के ग्रामीणों ने बाघ देखने की सूचना दी, जिसमें एक ग्रामीण का जंगल में अचानक बाघ से सामना हुआ, जिसे भागकर अपनी जान बचानी पड़ी। इस घटना के बाद इलाके में भय का माहौल है।

**खबर संक्षेप**



## परिवर्तिनी एकादश पर महिलाओं ने रखा व्रत

**महासमुंद**। ग्राम खरोरा के राममंदिर में परिवर्तिनी एकादश पर महिलाओं ने व्रत रखकर पूजा अर्चना की। हीरेंद्र वैष्णव ने बताया कि हिंदू धर्म में एकादशी का व्रत सबसे शुभ माना गया है। यह भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की परिवर्तिनी एकादशी को 4 अगस्त को मनाया गया। इस दिन भगवान विष्णु योग निद्रा में अपनी करवट बदलते हैं, इसलिए इसे परिवर्तिनी एकादशी कहा जाता है। इस दिन भगवान विष्णु के वामन अवतार की पूजा का विशेष महत्व है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन व्रत रखने और इसकी व्रत कथा का पाठ करने से व्यक्ति के सभी पापों का नाश होता है और उसे मोक्ष की प्राप्ति होती हैं। इस दौरान उषा, उतरा, फुलेश्वरी, कुलेश्वरी, विमला, सरोज आदि मौजूद रहीं।

## पंकज डाहिरे बने जिपं के प्रभारी उप संचालक

**गरियाबंद**। कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने जिले में पदस्थ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अपर कलेक्टर पंकज डाहिरे को जिला पंचायत के प्रभारी उप संचालक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। अपर कलेक्टर डाहिरे आगामी आदेश पर्यन्त तक अपने वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ प्रभारी उप संचालक पंचायत के कार्यो का निर्वहन करेंगे।

## बाढ़ प्रभावित बच्चों को अध्ययन सामग्री वितरित

**गीदम**। जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा ने अपने क्षेत्र में हाल ही में आई भीषण बारिश और बाढ़ से प्रभावित बच्चों के लिए सराहनीय पहल की है। बाढ़ के कारण कई घर पूरी तरह गिर गए और अनेक परिवारों का आवश्यक सामान बह गया। 'इसमें बच्चों की कॉपी, पुस्तकें तथा अन्य अध्ययन सामग्री भी नष्ट हो गई। बच्चों की शिक्षा प्रभावित न हो इसके लिए सुलोचना कर्मा ने स्वयं के स्तर पर अध्ययन सामग्री आदि का जरूरतमंद बच्चों को वितरित किया। कहा कि बच्चे हमारे समाज का भविष्य हैं।

## जल कर वसूलने बरती जा रही सख्ती, 8 बकायेदारों ने जमा किए 36 हजार रुपए

**महासमुंद**। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देश पर पालिका द्वारा जलकर वसूली के लिए सघन वसूली अभियान चलाया जा रहा है। पालिका द्वारा सख्त रुख अपनाते हुए बड़े बकायेदारों से जल कर जमा करने कहा जा रहा है। पालिका जल विभाग की टीम गठित कर घर-घर जाकर समझाइश दी जा रही है। वहीं अब तक 25 लोगों को नोटिस भी जारी की गई है। जल प्रभारी दुर्गेश कुंजेकर ने बताया कि पालिका अध्यक्ष तथा सीएमओ के निर्देश पर कर वसूली के लिए पालिका टीम द्वारा अभियान शुरू की गई है। वार्डों ने जल कर सहित अन्य सभी कर अदा करने मुनादी भी करा रहे हैं। अब तक जिन लोगों को नोटिस जारी की गई थी, उनमें से 8 बकायेदारों ने 36 हजार रुपए जल कर जमा किए हैं।

# लाइवलीहुड कॉलेज में नेत्रदान के प्रति जागरुकता अभियान कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज बिरकोनी में 40वां राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा मनाया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई नागेश्वर राव के निर्देशानुसार एवं जिला नोडल अधिकारी अंधत्व डा. अनिल गोरियार एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डा विकास चंद्राकर के मार्गदर्शन में बुधवार को जिसमें कौशल प्रशिक्षण में आए छात्राओं को नेत्रदान के संबंध में जानकारी दी गई एवं नेत्र सुरक्षा के उपाय के बारे में विस्तार से बताया गया।

छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया गया कि अंधेपन का कारण कार्निया (दृष्टि पटल) में सफेदी आ जाने के कारण होता है। कार्नियल दृष्टिहीनता के मुख्य कारण आंखों में चोट लगना, आंखों में संक्रमण, बच्चों में कुपोषण, जन्मजात दृष्टिहीनता, बच्चों मे विटामिन ए की कमी है। आंखों को नुकीली वस्तुए, पेंसिल, तीन कमान, गिल्ली डंडा के चोट, गाड़ी चलाते समय चश्मा का प्रयोग, रसायनिक पदार्थों के संपर्क में आने से बचाना है। यदि उन्हें कार्निया (दृष्टि पटल) उपलब्ध हो जाय तो उनकी आंखों में रोशनी वापस आ सकती है और वह इस




रंगीन दुनिया को फिर से देख सकता है। समाज में नेत्र दान मरणोंपरांत नहीं करने का मुख्य कारण लोगों में नेत्रदान के प्रति जागरुकता की कमी होना है। मृत्यु उपरांत नेत्रदान की गई आंखों से हम दो व्यक्तियों के जीवन में अंधापन दूर कर रोशनी ला सकते है और इस पुण्य काम में सहयोग कर सकते हैं। नेत्रदान मृत्यु के 4 से 6 घंटे के भीतर किया जाता है। इसमें आंखों को न ही बेचा जा सकता है और न ही खरीदा जा सकता है। इसमें न ही जाति, धर्म, लिग में भेदभाव किए बिना दृष्टिहीन लोगों को नेत्रदान से प्राप्त नेत्र को प्रत्यारोपित किया जाता है। कुछ ग्रसित बिमारियों वाले जैसे- सेप्टीसीमिया, हेपेटाईटिस बीसी एड्स, ब्लड कैंसर, रैबीज, जहर खाने से हुई मृत्यु, सर्पदंश व तालाब में डुब जाने से, फांसी लगाने से मृत व्यक्ति के शरीर से नेत्रदान करने उपयुक्त नहीं माना जाता है। नेत्रदान करने वाला व्यक्ति चाहे किसी भी धर्म या जाति का क्यों न हो, मृत्यु उपरांत अपनी आंखों को दान कर हमेशा के लिए दूसरों की आंखों की रोशनी बनकर अमर हो सकता है। कार्यक्रम के तहत नेत्र सहायक अधिकारी संजय चंद्राकर द्वारा आंखों की अन्य बीमारियां जैसे दृष्टि दोष विटामिन ए की कमी कंजेक्टीवाइटिस, कम्प्यूटर सिंड्रोम, संलोनी के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।

साथ ही जन मानस में नेत्र दान के बारे जागरूकता फैलाने के लिए संदेश दिया गया। इस प्रशिक्षण में छात्राओं से अपील की गई कि नेत्र दान के महत्व को अपने आस-पास के लोगों को बताए।

### बैठक : संकुल समन्वयकों की विभागीय समीक्षा बैठक हुई

# बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करना ही हमारी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासन की योजनाओं को धरातल पर लाना तथा छोटे-छोटे नन्हे-मुन्ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य करना ही हमारी प्राथमिकता है। प्रत्येक बच्चे को बेहतर शिक्षा एवं प्रत्येक विद्यालय में सुविधाओं का विकास सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। हम सभी मिलकर बच्चों के हित में कार्य करेंगे। यह उद्गार हुलसी जितेंद्र चंद्राकर सभापति शिक्षा स्थायी समिति जनपद पंचायत ने संकुल समन्वयकों की विभागीय समीक्षा बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा ने कहा कि शासन की सभी योजनाओं और गतिविधियों को समय पर पूर्ण किया जाए। उन्होंने संकुल समन्वयकों से अपील की कि वे विद्यालय स्तर पर चल रही शैक्षिक गतिविधियों की निगरानी को और मजबूत करें तथा गुणवत्तापूर्ण




शिक्षा सुनिश्चित करने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

इस अवसर पर बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा ने मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत रुब्रिक्स के 20 बिंदुओं पर होने वाले स्कूलों के सामाजिक अंकेक्षण पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही हरित विद्यालय एवं स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार हेतु नामांकन की पूर्व तैयारी एवं अपलोड प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इंस्पायर अवार्ड के संबंध में बताया गया कि कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी अपनी नवीन सोच और आविष्कार प्रस्तुत कर सकते हैं। बैठक में जवाहर नवोदय विद्यालय एवं प्रयास विद्यालय की तैयारी स्कूल स्तर पर कराने पर भी बल दिया गया। छत्तीसगढ़ शासन के रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत चल रहे कार्यक्रमों की समीक्षा की गई, जिसमें स्पीड रीडिंग, पुस्तक वाचन, प्रदर्शनी, एल्यूमिनी बैठक, इतिहास लेखन, क्विज प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता के आयोजन को बच्चों के संज्ञानात्मक एवं सहसंज्ञानात्मक विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया गया।

**6 शिक्षकों को होगा सम्मानः**

बैठक में संकुल स्तर से चयनित शिक्षकों के नाम विकासखंड स्तरीय सम्मान हेतु भेजे गए। विभिन्न जोनों से चुने गए शिक्षकों बृजराज जोन : पुष्पा साहू, प्रधान पाठक मोरधा, खट्टी जोन सुनीता बंजारे शिक्षक मिडिल स्कूल बेलसोंडा, पटेवा जोन कोमल दीवान सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला रामसागर पारा, झलप जोन रश्मि पटेल सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला लखनपुर, सिरपुर जोन मन्नू लाल चौधरी सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला छपोराडीह, तुमगांव जोन जितेंद्र कुमार साहू सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला बालक तुमगांव। इन सभी 6 शिक्षकों का सम्मान विकासखंड स्तर पर किया जाएगा। बैठक में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी तारिका कुंजाम एवं नवभारत साक्षरता के विकासखंड नोडल ईश्वर चंद्राकर ने संपूर्ण साक्षरता अभियान की जानकारी विस्तार से दी एवं उल्लास शपथ कराया गया।

# नगर में आज संत गोवर्धनशरण महाराज करेंगे खार पूजा

**फिंगेश्वर**। विगत दिनों शीतला माता मंदिर में किसान सेवा समिति फिंगेश्वर का बैठक योगेश ठाकुर की अध्यक्षता में रखा गया था जिसमे फिंगेश्वर के समस्त किसानो की उपस्थिति में प्रस्ताव कर निर्णय लिया गया है की दिनांक 04.09.25 दिन गुरुवार को प्रातः 9 बजे से शीतला माता मंदिर में शांति पूजा एवं खार पूजा किया जायेगा।वही गुरुवार को कृषि कार्य पूरा बंद रखा जायेगा। नगर में भव्य कलश यात्र निकला जायेगा।शीतला मंदिर में सुख शांति समृद्धि पूजा एवं खार पूजा बम्हलीन संत भुनेश्वरी शरण महाराज के —पात्र संत गोवर्धन शरण महाराज जी के द्वारा सम्पन्न किया जायेगा। वही क्षेत्र के किसानो के लिए पूजा पश्चात जम्मू कश्मीर से छत्तीसगढ़ आये कृषि वैज्ञानिक के द्वारा 1 घंटे का कार्यशाला रखा गया है।किसान समिति के द्वारा क्षेत्र के समस्त धर्म भक्तों को पूजा में आमंत्रित किया गया है।हवन पूजन पश्चात भोग प्रसादी की व्यवस्था भी समिति द्वारा किया जायेगा।



# नगर पंचायत में गणेश पक्ष पर रंग-बिरंगे फव्वारे का शुभारंभ

**छुरा**। गणेश पक्ष के पावन पर्व पर नगर पंचायत के विभिन्न चौराहों में आकर्षक एवं रंग-बिरंगी लाइटों से सुसज्जित फव्वारे का भव्य उद्घाटन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद ने इस अवसर पर नगरवासियों को गणेश उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि यह आकर्षक फव्वारा छुरा नगर की सुंदरता को बढ़ाने के साथ-साथ गणेशोत्सव के उल्लास में चार चाँद लगाएगा।

उन्होंने इस फव्वारे को नगरवासियों को समर्पित करते हुए सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे गणेश उत्सव को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण भावना के साथ मनाएँ और नगर की एकता एवं भाईचारे की मिसाल पेश करें। इस अवसर पर यमन देवांगन मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत , उपाध्यक्ष समीम खान, सभापति बलराज पटेल, चित्ररेखा ध्रुव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नगरवासी उपस्थित थे।



# विधायक का बेलरवासियो ने किया सम्मान

**छुईहा बेलर**। ग्राम विकास समिति अध्यक्ष खोमन साहू की अगुवाई में राजिम विधायक रोहित साहू का उनके निवास पहुंचकर शाल, श्रीफल, गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। यह सम्मान विगत दिनों विधायक परिवार तीर्थयात्रा गये थे, वापस आने पर ग्रामवासी बेलर की ओर से किया गया। इस दौरान विकास समिति के पदाधिकारी अध्यक्ष खोमन साहू , सरपंच प्रतिनिधि लेख राम रात्रे हरिशंकर साहू मलेशु राम ध्रुव मानसिंह रावत रमणीक साहू बलराम साहू सहित अन्य मौजूद रहे।



# आशीबाई स्कूल में छात्रसंघ का हुआ निर्वाचन, मधु बनीं शाला नायिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य जीआर सिन्हा के मार्गदर्शन में शालेय छात्रसंघ का निर्वाचन हुआ। जिसमें मधु यादव शाला नायिका के पद पर निर्वाचित हुई। इसी तरह हंसिका यादव उप शाला नायिका, आशी सेन सांस्कृतिक सचिव, डिंपल साहू उप सांस्कृतिक सचिव, प्रतिभा यादव साहित्यिक सचिव, लक्ष्मी सिन्हा उप साहित्यिक सचिव, देविका ध्रुव अनुशासन सचिव, चंचल ओगरे उप अनुशासन सचिव, फिजा परवीन स्वच्छता सचिव, ईश्वरी ठाकुर उप स्वच्छता सचिव, दीपा साहू क्रीड़ा सचिव तथा निशा मांडले उप क्रीड़ा सचिव के पद पर



निर्वाचित हुई। निर्वाचन कार्य का संचालन छात्रसंघ प्रभारी व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी द्वारा तथा आभार प्रदर्शन छात्रसंघ सह प्रभारी डा. ज्योति किरण चंद्राकर द्वारा किया गया।

# जिले में 308 ग्रामों में क्रियान्वित किया जाएगा आदि कर्मयोगी अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने हेतु "आदि कर्मयोगी" अभियान के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण जिला पंचायत के सभाकक्ष में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में जिले के पांचों विकासखंड से 50 मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर सभी विकासखंड ट्रेनर्स को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

समापन अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत नंदनवार ने कहा कि इस कार्यक्रम में अब योजनाएं धरातल पर बनेगी और इसका क्रियान्वयन के लिए जनसमुदाय भी आगे आएंगे। उन्होंने बताया धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तहत जनजाति गौरव वर्ष के एक भाग के रूप में आदि कर्मयोगी अभियान के लिए रणनीति बनाई




गई। जिसमें जनजाति समुदायों को मूलभूत सुविधाओं से जोड़ा गया। उन्होंने बताया कि महासमुंद जिले में इस अभियान की सफल क्रियान्वयन के लिए चरणबद्ध तरीके से कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी सचिन भूतड़ा, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शिल्पा साय सहित राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स, जनजाति समुदाय के प्रतिनिधि, विकासखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स और स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद थे। प्रशिक्षण के पश्चात दूसरे क्रम में आदि सहयोगी की टीम बनाई जाएगी। जिसमें शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, चिकित्सक, युवा नेता, सामाजिक मुखिया आदि जो ग्राम स्तर पर योजना क्रियान्वयन में सहयोग करेंगे। तीसरे क्रम में आदि साथी, वे हितग्राही जिन्हें योजनाओं का सीधा लाभ दिया जाना है।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) और धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान संचालित किए जा रहे हैं। जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति (कमार) के लिए 9 अलग अलग मंत्रालयों के 11 प्रकार के कार्यों से संतृप्ति का कार्य किया जा रहा है। इस अभियान अंतर्गत महासमुंद विकासखंड के 25 ग्रामों, बागबाहरा के 33, पिथौरा के 210, बसना के 24 एवं सरायपाली विकासखंड के 16 ग्रामों को शामिल किया गया है। अभियान अंतर्गत जिले के 308 जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में 17 मंत्रालयों की 25 योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।



## गणेश पंडाल में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ हुआ

**बिरकोनी**। ग्राम बिरकोनी स्थित बाजार चौक गणेशोत्सव समिति द्वारा मंगलवार को शाम 7 बजे सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें सनातन धर्म सेवा समिति का सहयोग रहा। पंडाल के नीचे भगवाधारी भक्त व ग्रामीणों ने एक स्वर में जय हनुमान ज्ञानगुण सागर से पंडाल गूंजायमान रहा। इसके बाद गणेश वंदना सहित विविध कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस दौरान पंडाल में भव्य सजावट आकर्षक का केंद्र रहा। इस अवसर पर पंडित लक्ष्मीनारायण महाराज, आरएल साहू, डॉ केके हनुमंता, तेजेश्वर साहू, घनश्याम साहू, भूपेंद्र चंद्राकर, मुकेश निषाद, तुलसराम, चुकु चंद्राकर, घनश्याम साहू, महेश साहू, रमेश पटेल, संतोष निषाद, डोलू साहू, घनश्याम चंद्रकार मौजूद रहे।

# जिले में दिव्यांगों के लिए 5 दिवसीय बांस कला प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन



**महासमुंद**। जिले में दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार से जोड़ने की पहल के तहत बांस कला प्रशिक्षण सह कार्यशाला का शुभारंभ 01 सितंबर से किया गया हैं। उपसंचालक समाज कल्याण संगीता सिंह ने बताया कि यह कार्यशाला स्थानीय शासकीय बहुदिव्यांग विशेष विद्यालय महासमुंद के सभागार में 01 सितंबर से 05 सितंबर 2025 तक आयोजित की जा रही है। पांच दिवसीय प्रशिक्षण में जिले भर से आए दिव्यांग प्रतिभागियों को बांस से विभिन्न सजावटी सामग्री जैसे गुलदस्ते, फूल, टोकरी, पेन स्टैंड, ट्रे, तोरण एवं डेकोरेटिव वाल हैंगिंग आदि बनाने और रंगाई की विधियां सिखाई जा रही हैं। प्रशिक्षण के लिए राज्य स्तरीय बांस कलाकार घासीराम कमार निवासी सोनासिल्ली को आमंत्रित किया गया है, जिन्होंने भुवनेश्वर (ओडिशा), बिलासपुर, पिथौरा, बागबाहरा एवं आंवराडबरी सहित विभिन्न स्थानों पर प्रशिक्षण प्रदान किया है। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. वृंदावन पटेल ने बताया कि दिव्यांग प्रतिभागी उत्साहपूर्वक इसमें भाग ले रहे हैं और भविष्य में इसे रोजगार का माध्यम बनाएंगे।

# नकद व प्रशस्ति पत्र के साथ अनुसुइया को मिला भूमिजा सम्मान

**महासमुंद**। जिंदगी ना मिलेगी दोबारा सेवा संस्था के नौवें स्थापना दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन वृंदावन सभागार रायपुर में किया गया। मुख्य अतिथि सांसद रायपुर बृजमोहन अग्रवाल रहे। अध्यक्षता महापौर मीनल चौबे ने की। इस मौके पर स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद के प्राचार्य अनुसुइया अग्रवाल को 21000 रुपए की नकद राशि एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर भूमिजा सम्मान प्रदान किया गया। विदित हो कि अपने रचनाकर्म के जरिए डॉ अनुसुइया न केवल छत्तीसगढ़ अपितु राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुकी है। अनेक शोधार्थियों ने उनके निर्देशन में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त कर ली है। स्वयं उनके साहित्य पर भी शोधार्थी दुर्ग विश्वविद्यालय में डॉक्टरेट की




उपाधि के लिए शोध प्रबंध लेखन का कार्य कर रहे हैं। वे राष्ट्रीय स्तर की अनेक संस्थाओं से जुड़ी हुई है। राष्ट्रीय स्तर के अनेक पुरस्कार एव सम्मान भी उन्हें प्राप्त हो चुके हैं। लोकसाहित्य विद् के रूप में छत्तीसगढ़ में उनकी विशेष पहचान है। लगभग 40 वर्षों तक अध्यापन कार्य करने के उपरांत पदोन्नति पश्चात अब वे स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद में प्राचार्य के रूप में पदस्थ हैं। सम्मान के लिए उनके संपूर्ण रचना कर्म का अवलोकन एवं मूल्यांकन किया गया। नगद राशि एवं प्रशस्ति पत्र के बाद मोमेंटो, शाल श्रीफल एवं बुके देकर संस्थान की अध्यक्ष सुषमा तिवारी एवं संरक्षक अजय शर्मा द्वारा भी उन्हें सम्मानित किया गया। रमा भारती स्मृति भूमिजा पुरस्कार की स्थापना सविता शर्मा पत्रकार एवं वरिष्ठ साहित्यकार एवं उनके परिजनों द्वारा नौ वर्ष पूर्व उनकी माताजी रमा शर्मा एवं बड़ी बहन भारती पांडेय की स्मृति में की गई थी। महादेवी के स्तर की कवयित्री रमा शर्मा छत्तीसगढ़ के शीर्षस्थ स्वतंत्रता सेनानी, गांधीवादी नेता, समाजवादी चिंतक एवं अधिवक्ता कमलनारायण शर्मा की पत्नी एवं भारती पांडेय उनकी सुपुत्री थी। साहित्यकार सविता पाठक, समाजसेवी आभा मिश्रा, ब्राम्हण समाज भिलाई दुर्ग के संस्थापक सदस्य सुरेश पांडेय एवं पार्षद दीपक जायसवाल विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम का संचालन अमृतांशु शुक्ल एवं आभार प्रदर्शन संस्था की सचिव ममता शर्मा ने किया। इस अवसर पर संस्था से संतोष साहू, बिहारी लाल शर्मा, हेमलता तिवारी, चंद्रसेना दीवान आदि मौजूद रहे।

# शिक्षक और शिष्य का संबंध अत्यंत पवित्र होता है : भगचंद चतुर्वेदी

**राजिम**। राज्यपाल पुरूस्कृत अंचल के लोकप्रिय शिक्षक भगचंद चतुर्वेदी ने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माता होते हैं। वे केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि जीवन के मूल्यों, आदर्शों और संस्कारों का बीजारोपण भी करते हैं। जिस प्रकार दीपक स्वयं जलकर दूसरों को रोशनी देता है, उसी प्रकार शिक्षक अपने श्रम, तप और त्याग से विद्यार्थियों के जीवन को उज्ज्वल दिशा प्रदान करते हैं।



श्री चतुर्वेदी ने कहा कि पूरे भारत में 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन महान दार्शनिक, विद्वान और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती का प्रतीक है। उनका मानना था कि सच्चा शिक्षक वह है, जो शिक्षा को केवल व्यवसाय न मानकर समाज-निर्माण का साधन बनाए। उनके व्यक्तित्व और विचारों के कारण ही उनकी जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की परंपरा प्रारंभ हुई। श्री चतुर्वेदी ने कहा कि शिक्षक और शिष्य का संबंध अत्यंत पवित्र होता है। यदि विद्यार्थी एक बीज है, तो शिक्षक उस माली की भाँति है जो उसे मेहनत, धैर्य और प्रेम से सींचकर फलदायी वृक्ष में परिवर्तित करता है। इतिहास गवाह है कि हर महान व्यक्तित्व के पीछे किसी न किसी महान गुरु का मार्गदर्शन अवश्य रहा है।

**खबर संक्षेप**

### जन्मदिन पर महादेव का अभिषेक करेंगे अशोक बजाज



**नवापारा-राजिम।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज जन्मदिन के अवसर पर 5 सितम्बर को चम्पेश्वर महादेव में अभिषेक करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री बजाज 4 सितम्बर को शाम चम्पारण पहुंचेगे तथा रात्रि विश्राम वहीं करेंगे। 5 सितम्बर को सुबह 5 बजे दुर्लभ सत्संग के शुभारंभ पर चम्पेश्वर महादेव मंदिर परिसर में उपस्थित रहेंगे। सुबह 8 बजे चम्पेश्वर महादेव में अभिषेक कर 11 बजे तक कार्यकर्ताओं से संपर्क करेंगे। तत्पश्चात नवागांव, सुन्दरकेरा, माना बस्ती होते हुए रायपुर पहुंचेंगे तथा दोपहर 1 बजे से प्रदेश भजपा कार्यालय कुशाभाऊ परिसर में उपस्थित रहेंगे।

### पीएम की स्वर्गीय मां पर टिप्पणी संस्कारहीनता का परिचायकः सरिता ठाकुर



**मैनपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष श्रीमति सरिता ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्वर्गीय माताश्री के संबंध में कांग्रेस और राजद नेताओ द्वारा की गई अशोभनीय टिप्पणी को आपत्तिजनक बताते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश ही विश्व के सम्मानीत नेता है उनकी स्वर्गीय माताश्री पर अशोभनीय टिप्पणी करना न केवल एक व्यक्ति विशेष का अपमान है बल्कि भारतीय संस्कृति में मां जैसे पवित्र शब्द का भी अपमान है। श्रीमति ठाकुर ने कहा ऐसे संकीर्ण मानसिकता किसी भी तरह से लोकतांत्रिक मूल्यो और भारतीय परंपराओ के अनुरूप नही है।

### शिक्षक दिवस पर खोमन सिन्हा को सम्मानित करेंगें राज्यपाल



**छुईहा बेलर।** छत्तीसगढ़ के माननीय राज्यपाल रेमन डेका के हाथों 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट शिक्षक खोमन सिन्हा का सम्मान किया जाएगा। शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली, समर्पण और लगन के कारण प्राथमिक पाठशाला सिर्रीखुर्द शिक्षक खोमन सिन्हा ग्राम कुण्डेल निवासी का राज्यपाल के करकमलों से सम्मान प्रदान किया जाएगा। इससे पहले उक्त शिक्षक समाज निर्माण में योगदान और नई पीढ़ी को संस्कार, ज्ञान तथा मार्गदर्शन देने में उनकी भूमिका हमेशा से रहा है। बुधवार को खोमन सिन्हा को विधायक निवास से विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा ने गुलदस्ता भेंटकर राज्यपाल भवन के रवाना किया।

### भगवान श्रीराम की शोभायात्रा का नपं परिवार ने किया स्वागत



**राजिम।** नगर में एक सप्ताह तक चलने वाले श्री राम नाम सप्ताह के समापन के अवसर पर भगवान श्रीराम की शोभायात्रा का नगर पंचायत राजिम में भव्य स्वागत किया गया , स्वागत करने वालों में नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव , उपाध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा चंद्राकर , पार्षद गण भारत यादव , आकाश राजपूत , कुलेश्वर साहू , उत्तम निषाद , बलराम यादव , सुरेश पटेल , अजय पटेल , सहित कर्मचारी उपस्थित थे।

# एक पेड़ मां के नाम की जानकारी गूगल में नहीं भरी, 132 प्रधानपाठकों का वेतन रूका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

विकासखण्ड के 132 प्रधानपाठकों का वेतन एक पेड़ मां के नाम पर अभियान की जानकारी गूगल में अपलोड नहीं करने पर रोक दिया गया है।लगभग 70–80 स्कूलों के संस्था प्रमुखों का वगैरह लिखित सूचना के माह अगस्त का वेतन रोकने से शिक्षकों में भारी रोष है। ज्ञात हो कि गत दिवस व्हाट्स एप के माध्यम से एक सूचना जारी किया गया था। जिसमें एक पेड़ मां के नाम से सम्बन्धित जानकारी गूगल फार्म में भरने का निर्देश विकास खंड शिक्षा अधिकारी से प्राप्त हुआ। जानकारी को भरना आसान नहीं था इसलिए कुछ संस्था प्रमुखों द्वारा भरने में

**खास बातें**

- मैनपुर ब्लॉक में कार्रवाई से प्रभावितों में रोष
- बीईओ कार्यालय घेराव की चेतावनी




### नोटिस जारी करने के बाद रोका गया वेतन

विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी महेश पटेल ने बताया जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद के निर्देश पर 132 प्रधानपाठकों का वेतन रोका गया है।एक पेड़ मां के नाम पर एवं यूडाइस जैसे कार्य पिछले दो माह से नहीं किया जा रहा था। बकायदा कारण बताओ नोटिस जारी कर वेतन रोका गया है। बीईओ महेश पटेल ने आगे बताया जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर वेतन रोका गया है। राज्य में गरियाबंद जिले की स्थिति निम्न स्तर होने के कारण प्रधानपाठकों का वेतन अवरूद्ध किया गया है। जैसे ही उनके द्वारा काम पूरा कर लिया जाएगा, उनका वेतन जारी किया जाएगा।

विलंब किया गया। संस्था प्रमुखों का कहना है कि उक्त जानकारी को भरने के लिए संकुल स्तर के बैठक आयोजित करके भरवाना था, किन्तु ऐसा नहीं किया गया। जानकारी भरने में विलंब होने पर पूरे एक माह का वेतन रोकने जैसे बड़ी कार्रवाई की गई है। टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भी निन्दा करते हुए इसे मौलिक अधिकार का हनन बताया है। शिक्षकों के वेतन शीघ्र नहीं बनने के स्थिति में जल्दी ही विकास खंड शिक्षा कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इस संबंध में टीचर्स एसोसिएशन प्रांतीय संगठन मंत्री यशवंत बघेल ने कहा यह गलत है। जल्द ही वेतन नही मिलने की स्थिति पर घेराव और उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## कृषि विभाग की उर्वरक दुकानों पर कार्रवाई से हड़कंप

# स्कंध यूरिया खाद की 520 बोरियां जब्त दुकान संचालक को नोटिस जारी

**मैनपुर।** कृषि विभाग द्वारा खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए क्षेत्र में छापामारी की जा रही है। प्रशासन द्वारा उर्वरक के अवैध परिवहन, कालाबाजारी मुनाफाखोरी रोकने तथा शासन द्वारा निर्धारित दर पर कृषकों को उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है।

- एक दुकान का प्रधिकार पत्र 7 दिन के लिए निलंबित

कलेक्टर गरियाबंद भगवान सिंह उईके के निर्देशानुसार एवं उप संचालक कृषि चंदन राय के मार्गदर्शन में अनिल कुमार कौशिक सहायक संचालक कृषि एवं उर्वरक निरीक्षक द्वारा बुधवार को विकासखण्ड के मेसर्स राजेन्द्र खाद भंडार धुरवागुड़ी एवं मेसर्स सिद्धी विनायक कृशि केन्द्र गोहरापदर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मेसर्स राजेन्द्र खाद भंडार धुरवागुड़ी द्वारा कृषकों को निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर उर्वरकों का विक्रय करना, अघोषित परिसर में उर्वरकों का




भंडारण, वितरण करना, भंडारण की स्थिति एवं मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं करना, नकद एवं उधार का ज्ञापन जारी नहीं करना, फॉर्म–एम एवं निर्धारित तरीकों से अभिलेखों आदि का रखरखाव करना नहीं पाया गया। इस तरह के कार्य उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। फलस्वरूप उक्त संस्थान में उपलब्ध उर्वरक स्कंध यूरिया 520 बोरी को जब्त कर विक्रय प्रतिबंध किया गया। 3 दिवस के भीतर जबाव प्रस्तुत करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। मेसर्स राजेन्द्र खाद भंडार धुरवागुड़ी का उर्वरक प्राधिकार पत्र को 7 दिवस हेतु निलंबित किया गया है। जबाव के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। वर्तमान में जिले के सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्र में उर्वरकों का भंडारण किया गया है। जिन समतियों में उर्वरकों की कमी है वहां तत्काल उर्वरकों का भंडारण कराया जा रहा है।

### अधिकृत विक्रेता से ही किसान खरीदें खाद

कृषि विभाग द्वारा किसानों से अपील की गई है कि निर्धारित दर पर अधिकृत विक्रेता से ही उर्वरक क्रय करें। सामग्री का पक्का बिल आवश्यक रूप से लें। अनाधिकृत रूप से व्यवसाय अथवा अधिक कीमत पर विक्रय करने की जानकारी होने पर विभागीय अधिकारियों को सूचित करने का आग्रह किया गया।

## टेंगनाबासा व तांवरबाहरा में लगा वित्तीय समावेशन संतृप्ति शिविर



**गरियाबंद।** अग्रणी बैंक गरियाबंद के तत्वाधान में वित्तीय समावेशन योजनाओं के संतृप्ति हेतु चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत आज बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा ग्राम टेंगनाबासा एवं तांवरबाहरा में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संबंधित खातों की पुनः केवाईसी की गई। इस दौरान भारतीय रिज़र्व बैंक रायपुर के क्षेत्रीय निदेशक श्रीमती रीनी अजित ने शिविर का दौरा किया।

- ग्रामीण क्षेत्र के नागरिक हुए लाभान्वित

उन्होंने स्थानीय निवासियों, व्यापार प्रतिनिधियों और बैंक अधिकारियों से इस विषय पर चर्चा करते हुए बकाया खातों के केवाईसी विवरणों के पुनः सत्यापन के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे खातों के पुनः केवाईसी पूरा करने के लिए शिविर लगाकर प्रोत्साहित किया जाता है। ताकि उन्हें विभिन्न बैंकिंग सेवाएँ निर्बाध रूप से मिलती रहे। इस दौरान उपस्थित लोगों को भारतीय रिज़र्व बैंक एकीकृत लोकपाल योजना-2021 और दावा न की गई जमा राशियों के बारे में जानकारी दी गई। डिजिटल धोखाधड़ी को रोकने के लिए अपनाई जाने वाले अच्छी आदतों को भी प्रतिभागियों के साथ साझा किया गया। शिविर में आसपास क्षेत्र के निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आम नागरिकों द्वारा प्रश्नों के विधिवत समाधान किया गया।

## मितानिनों की हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित, दो सूत्रीय मांगों पर अड़ा




**रसेला।** जिला सहित ब्लाक में मितानिनों की हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुईं हैं, मितानिनों ने सिविलियन समेत 50 फीसदी मानदेय बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। गांवों में स्वास्थ्य सुविधाएं घरों तक पहुंचाने वाली मितानिन 7 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं, लेकिन उनकी मांगों पर किसी तरह की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। छुरा ब्लाक मितानिन संघ बैनर तले 505 मितानिनों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं। स्वास्थ्य मितानिन संघ की पदाधिकारी खिलावन साहू, दामिनी साहू, संतोषी रामटेके, अनिता सिन्हा, सरीता देवांगन, लक्ष्मी ठाकुर, नेमीन सेन,पुनिता देशमुख,तारणी सोनवानी, प्रमिला आदि लोगों के मुताबिक उनकी दो सूत्रीय मांग है। बीजेपी ने अपने मेनिफेस्टो में वादा किया था, उसे सरकार में आने के बाद पूरा नहीं किया गया है, जब गांव में कोई डिलीवरी नहीं होती है, तो मितानिनों को राशि नहीं मिलती है, ऐसे में इन्हें भी निश्चित वेतन दिया जाए ताकि आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकें। मितानिनों के मुताबिक सभी मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, ब्लाक समन्वयक, स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक, एरिया को आर्डिनेटर और मितानिन हेल्प डेस्क फैसिलिटेटर को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम में सिविलियन किया जाएं। सरकार ने मितानिनों का मानदेय 50 प्रतिशत बढ़ाने का वादा किया था। लेकिन अब तक इस पर कोई क़दम नहीं उठाया गया है। एनजीओ के अंदर कार्य नहीं करने की मांग को लेकर विरोध करने में जुटे हुए हैं। ज्ञात हो कि क्षेत्र सहित ब्लाक और जिला के मितानिन संघ ने सड़क पर उतरकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, जिसके कारण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही है। एक मितानिन 200 परिवार देखती है, हमारी मांग जायज है, इन्हें पूरा किया जाएं, केंद्र और राज्य सरकार महिलाओं के सम्मान की बात करती है। लेकिन दिन-रात मेहनत करने वाली मितानिनों के बारे में नहीं सोच रही है।

## मानस गान महोत्सव में लगी श्रद्धालुओं की भीड़



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में युवा मंच द्वारा मानस गान महोत्सव का आयोजन आज बुधवार को किया गया इस दौरान नवज्योति बालिक मानस परिवार, अराधना बालिका मानस परिवार, शिव शंकर मानस परिवार एवं सिद्धेश्वर मानस परिवार द्वारा मानस गान प्रस्तुत किया गया जिसमें नगर सहित आसपास ग्रामो से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। संध्या महाआरती का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से चिरंजीव साहू, हिमांशु रामटेके, गुमान पटेल, आशीश गुप्ता, राहुल यादव, प्रदीप पटेल, त्रिलोक पटेल, प्रतीक वादंले, निखिल जगत, रोहन साहू, खेमु पटेल, मनीश श्रीवास्तव, अमितेश गुप्ता, चिरंजीव पटेल, विक्की गुप्ता, भुपेन्द्र पटेल, ऋशि दास, पोखराज निशाद, थानुराम पटेल, नरेश सिन्हा, उत्तम पटेल, दिनेश सचदेव, बलदेव ठाकुर, सीताराम पटेल, डोमार साहू, विरेन्द्र श्रीवास्तव, मनीश पटेल व बड़ी संख्या में युवा मंच व क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।




## स्वास्थ्य केंद्र खोरपा में नेत्रदान पखवाड़ा जारी

**अभनपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोरपा के तत्वावधान में विकासखंड स्तरीय 40वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा का आयोजन सृष्टि नर्सिंग कॉलेज भरेगाभाटा में किया गया। इस अवसर पर सहायक नोडल अधिकारी आर.पी. यादव, वरिष्ठ नेत्र सहायक अधिकारी आर.के. विश्वकर्मा, नेत्र सहायक अधिकारी आरती साहू एवं कॉलेज डायरेक्टर गोविंद चौहान का विशेष भूमिका रहा। कार्यक्रम में नेत्र सहायक अधिकारी रोशन लाल साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष 25 अगस्त से 8 सितंबर तक यह नेत्रदान पखवाड़ा मनाया जाता है। इसका उद्देश्य समाज में नेत्रदान के महत्व को बढ़ावा देना और दृष्टिहीनों को नई दृष्टि प्रदान करना है। कॉलेज परिसर में इस अवसर पर छात्रों का नेत्र परीक्षण किया गया तथा आंखों के संक्रमण से बचाव के उपायों पर मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही रंगोली, भाषण, स्लोगन और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में निकिता सुखदेवे, मानसी यादव, लालिमा देवांगन, योगिता पटेल सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## एक्सेस टू जस्टिस–न्याय तक पहुंच परियोजना के तहत जागरूकता अभियान

**गरियाबंद।** जिले में 1 जून 2025 से प्रारंभ की गई एक्सेस टू जस्टिस–न्याय तक पहुँच परियोजना के अंतर्गत आज दिनांक 3 सितम्बर 2025 को तंवरबाहरा गांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। समर्पित संस्था के संचालक डॉ. संदीप शर्मा के मार्गदर्शन में मिडिल स्कूल परिसर तथा डोर–टू–डोर संपर्क अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को बाल श्रम, बाल विवाह, बाल यौन शोषण और बाल तस्करी जैसी गंभीर समस्याओं के बारे में जानकारी दी गई।




कार्यक्रम के दौरान बच्चों और शिक्षकगण को शपथ दिलाई गई कि वे अपने गांव में कहीं भी बाल विवाह या इस तरह की कुप्रथाओं की सूचना तुरंत देंगे और हस्तक्षेप में सहयोग करेंगे। साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर की जानकारी भी दी गई ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल मदद ली जा सके।

इस अवसर पर जिला समन्वयक रमा जावलकर, सामाजिक कार्यकर्ता नंदनी साहू एवं राहुल कुमार उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सहयोग का संकल्प लिया।

## दबनई के जयराम कमार ने दो महीने में बनाया पक्का घर

# जनमन योजना से कमार परिवार को मिला पक्का आवास

**मैनपुर।** महल हो या झोपड़ी, अपना घर सपना होता है — यह सपना अब आदिवासी कमार जनजाति के ग्रामीणों के लिए हकीकत में बदल रहा है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत गरियाबंद जिले के मैनपुर ब्लॉक के कई विशेष पिछड़ी जनजाति के परिवारों को पक्का मकान मिल रहा है। इन्हीं में से एक हैं ग्राम दबनई के जयराम कमार, जिनके जीवन में यह योजना एक वरदान बनकर आई है।

जयराम कमार, जो पहले अपने परिवार के साथ एक झोपड़ी में रहते थे, अब सरकार द्वारा मंजूर 2 लाख रुपये की सहायता से बने पक्के घर में सुकून से रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनका परिवार तीन बच्चों सहित बरसों से कच्चे मकान में रह रहा था। बारिश में टपकती छत, सांप-बिच्छुओं का डर और हाथियों का



खतरा उनके जीवन का हिस्सा था। लेकिन अब पक्का घर मिलने से उनका जीवन सुरक्षित और सम्मानजनक हो गया है।

### कमार जनजाति के लिए खास योजनाएं

कमार जनजाति को 'विशेष पिछड़ी जनजाति' घोषित किया गया है। इनके सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

### जयराम कमार की बदली जिंदगी

जयराम कमार ने दो माह के भीतर अपना पक्का मकान बनाकर तैयार कर लिया है। वे कहते हैं, अब हम बरसात में नहीं भीगते, हाथियों से सुरक्षित हैं और बच्चों के लिए भी बेहतर माहौल मिला है। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को इसके लिए धन्यवाद देते हैं।

## गोना में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन




**मैनपुर।** विकासखण्ड के गोना में नवाखई के उपलक्ष्य में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में दूर–दूर से कई टीमो ने भाग लिया।

प्रथम पुरस्कार 6 हजार रूपये एवं शिल्ड, द्वितीय पुरस्कार 3 हजार रूपये, तीतृय पुरस्कार 2 हजार रूपये एवं चतुर्थ पुरस्कार 1 हजार रूपये एवं शील्ड प्रदान किया गया। इस दौरान श्रीमति निर्बत नेताम, नरेश नेताम, सुनील मरकाम, अशोक नेताम, मोहन नेताम, मुकेश मरकाम, सुभाश नेताम, डिगेश नेताम, रोहित नेताम, रोहन नेताम, कमल नेताम, सुधे"वर मरकाम, कुलदीप मरकाम, अरूण मरकाम, परमेश्वर ध्रुव, बुधलाल नेताम, रमेश नेताम, प्रताप नेताम एवं समस्त ग्रामवासी क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्तिथ थे।

## खबर संक्षेप

### जय बनाही जस गीत झांकी का आयोजन आज





**मुड़ागांव(कोरासी)।** सुभाष चौक गणेश उत्सव समिति खड़मा के आयोजक समिति द्वारा आज 4 सितम्बर दिन गुरुवार को रात्रि 8 बजे से जय बनाही जस गीत झांकी कार्यक्रम ग्राम पीपरछेड़ी(जतमईगढ़) छुरा का आयोजन किया गया है। जिसकी तैयारी में गणेश उत्सव समिति के सभी सदस्य तन मन धन से लगे हुए हैं। इस कार्यक्रम के लिए ग्राम वासियों में भारी उत्साह दिखाई दे रहा है।

### खेत में दिखा राष्ट्रीय पक्षी मोर



**मुड़ागांव(कोरासी)।** वनांचल क्षेत्र ग्राम मड़ेली से लगा हुआ जंगल पहाड़ बिहाव झोला के पास राष्ट्रीय पक्षी मोर इन दिनों किसानों के खेतों में विचरण करते देखा गया राष्ट्रीय पक्षी मोर गांव से लगे जंगल में प्रति दिन मधुर आवाज करते रहते हैं, और आज दोपहर के समय में ग्राम के रुद्र देव ठाकुर ने अपने मोबाइल कैमरे से फोटो कैद किया जिसका एक सुन्दर दृश्य आकर्षित कर रहे हैं।

### विधायक के तीर्थयात्रा से आने पर भाजपाइयों ने किया स्वागत



**छुईहा बेलर।** राजिम विधायक रोहित साहू तीर्थयात्रा से वापस लौटने पर भाजपा नेता पूर्व सरपंच सेंदर रामाधार साहू के नेतृत्व में क्षेत्र के सहकारी समीति अध्यक्ष कोमल ढीढी, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि नेहरू साहू सरपंच प्रतिनिधि मोती निषाद,हाई स्कूल अध्यक्ष बिजली गजेन्द्र निषाद, सरपंच चरभट्ठी ओमप्रकाश साहू एवं समर्थकों ने विमानतल में आत्मीय स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने पुष्पहार पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर विधायक का अभिनंदन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। विधायक ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि वे जनसेवा के प्रति सदैव तत्पर रहेंगे।

# शिक्षकों की कमी से पालक नाराज, जब तक व्यवस्था नहीं, तब तक बच्चों नहीं भेजेंगे स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा

प्राथमिक शाला मोगरा में पालक समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि जब तक विद्यालय में शिक्षकों की समुचित व्यवस्था नहीं होती, तब तक पालक अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे। विद्यालय में वर्तमान में 67 छात्र अध्यनरत हैं, जबकि पूर्व में यहाँ तीन शिक्षक कार्यरत थे।

फिलहाल एक शिक्षक को आत्मानंद स्कूल में संलग्न कर दिया गया है और दूसरा शिक्षक 1 सितंबर से 'नो पेमेंट' 153 दिन के अवकाश पर चला गया है। पूर्व में भी वह लगातार छुट्टियों पर रहा, जिससे विद्यालय केवल एक शिक्षक के भरोसे चल रहा है।

**खास बातें**

- प्राथमिक शाला मोगरा में पालक समिति की बैठक में लिया गया निर्णय
- विद्यालय में केवल एक शिक्षक, शिक्षण कार्य बुरी तरह प्रभावित



### तालाबंदी की चेतावनी, शिक्षकों ने दी समझाइश

बैठक में पालकों ने चर्चा की कि यदि शीघ्र शिक्षक की व्यवस्था नहीं की गई तो स्कूल में तालाबंदी की जाएगी। इस पर उपस्थित शिक्षकों ने समझाया कि तालाबंदी जैसी स्थिति पर पालकों के विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई की जा सकती है। बावजूद इसके, पालकों ने निर्णय लिया कि शिक्षक की नियुक्ति तक बच्चे स्कूल नहीं भेजे जाएंगे।

इस समस्या की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी जा चुकी है, किंतु अब तक समाधान नहीं हुआ है।

### बीईओ का बयान और शासन का पक्ष

विकासखंड शिक्षा अधिकारी के.एल. मतवाले ने बताया कि शासन के युक्तिकरण अनुसार 60 बच्चों पर दो शिक्षक का प्रावधान है। आत्मानंद स्कूल में पदस्थ शिक्षक को उसी विद्यालय का माना गया है। वहीं दूसरे शिक्षक का अवकाश संतान की बीमारी के कारण है। उन्होंने कहा कि इस विषय में उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन लिया जाएगा और ग्रामीणों से बैठक कर समाधान का प्रयास किया जाएगा।

## एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, छुरा में दो दिवसीय आयोजन

# 'जिज्ञासा' कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सीखे डीएनए आइसोलेशन जैसे वैज्ञानिक प्रयोग



**छुरा।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, छुरा में 2–3 सितंबर 2025 को वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद – राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (लखनऊ) के सहयोग से दो दिवसीय 'जिज्ञासा' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. विनय साहू एवं डॉ. प्रीति ने विद्यार्थियों को विभिन्न वैज्ञानिक गतिविधियों एवं मार्गदर्शन से लाभान्वित किया।

- सीएसआईआर-एनबीआरआई, लखनऊ के वैज्ञानिकों ने दिया मार्गदर्शन
- दो दिवसीय आयोजन में विद्यार्थियों ने फोल्डस्कोप, पादप विविधता और करियर विकल्पों पर की गहन खोज

दो दिवसीय आयोजन की शुरुआत 11वीं विज्ञान के छात्रों भावना ध्रुव एवं डोगेंद्र द्वारा अतिथियों को बुके देकर स्वागत के साथ हुई। पहले दिन डॉ. विनय साहू ने 'जिज्ञासा' की संकल्पना पर चर्चा करते हुए वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास पर बल दिया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने जिज्ञासा किट की सहायता से डीएनए आइसोलेशन का प्रयोग किया। डॉ. प्रीति ने डीएनए के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों को सीएसआईआर पर आधारित लघु फिल्म भी दिखाई गई। दिन का समापन फोल्डस्कोप प्रयोग के साथ हुआ।

दूसरे दिन सीएसआईआर की प्रयोगशालाओं का परिचय दिया गया। छात्रों ने ब्रेन कैप और पत्तियों की संरचना से संबंधित गतिविधियों में भाग लिया। मुख्य आकर्षण कैरियर काउंसलिंग रहा, जहाँ विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा एवं शोध के अवसरों की जानकारी दी गई।

### वैज्ञानिकों से मिला सीधा संवाद

छात्र भेष के अनुरोध पर डॉ. विनय साहू ने अपने वैज्ञानिक बनने की प्रेरणादायी यात्रा साझा की। छात्रा गीतांजलि ने डीएनए आइसोलेशन जैसे प्रयोगों को ज्ञानवर्धक बताया, वहीं छात्र नोकेश्वर ने कार्यक्रम से मिली जानकारी को भविष्य के लिए उपयोगी बताया।

### समापन सत्र में सम्मान और धन्यवाद

समापन सत्र में डॉ. प्रीति ने 'जिज्ञासा' पर वक्तव्य दिया एवं करियर मार्गदर्शन प्रदान किया। डॉ. विनय साहू ने प्राचार्य डॉ. कमलकांत यादव के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का संयोजन विज्ञान शिक्षक द्वय मयंक यादव एवं सुधांशु ने किया।

# पंचायत सचिव की मनमानी से परतेवा पंचायत में रुका विकास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम।




फिंगेश्वर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत परतेवा में सचिव की मनमानी के कारण ग्राम विकास कार्य ठप हो गए हैं। पंचायत के युवा सरपंच षटकोण साहू बीते सात माह से महिला सचिव कंचन शर्मा (देवांगन) की उपेक्षा और दुर्व्यवहार से त्रस्त हैं। मंगलवार, 2 सितंबर को सरपंच ने जिला कलेक्टर से मिलकर सचिव को हटाने हेतु ज्ञापन सौंपा।



सरपंच ने बताया कि सचिव फरवरी से अगस्त तक बमुश्किल 10 बार ही पंचायत आई हैं। ग्राम सभा की बैठकें नहीं कराई गईं और न ही शासन की योजनाएं प्रभावी रूप से संचालित हो पा रही हैं। गरीबी रेखा सूची, राशन कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र और तत्काल सहायता जैसी आवश्यक सेवाएं ठप हैं।

### संचारहीनता और दुर्व्यवहार से परेशान ग्रामीण

सचिव न तो सरपंच और न ही ग्रामीणों के फोन उठाती हैं। अगर कभी जवाब देती हैं, तो कहती हैं कि मैं बेलटुकरी में हूं। सचिव को बेलटुकरी पंचायत का अतिरिक्त प्रभार भी मिला हुआ है। वहां के सरपंच पुराणिक साहू ने बताया कि वह सप्ताह में 2-3 दिन आती हैं और केवल कुछ घंटे काम करती हैं।

### जनहित के कार्यों में भी नहीं मिल रहा सहयोग

सरपंच ने बताया कि उन्होंने स्वच्छता अभियान और नल-जल योजना के तहत अपने दो लाख रुपए खर्च किए, लेकिन सचिव की मनमानी के कारण अब तक राशि वापस नहीं मिल सकी। ग्रामीणों ने सचिव के स्थानांतरण और जांच की मांग की है।

# लड्डू गोपाल की भव्य बारात में उमड़ा जनसैलाब, बारिश में भी थिरके भक्तजन



**गरियाबंद।** मंगलवार को जिला मुख्यालय भक्ति, आस्था और उल्लास से सराबोर रहा। गोवर्धनपारा वार्ड क्रमांक 6 में चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के अंतर्गत रुक्मणी–कृष्ण विवाह प्रसंग पर भगवान श्रीकृष्ण की भव्य बारात निकाली गई।

सुबह से ही श्रद्धालुजन इस शोभायात्रा का इंतजार कर रहे थे। जैसे ही लड्डू गोपाल और श्रीमद्भागवत महापुराण को सुसज्जित रथ और बग्गी में विराजमान कर यात्रा प्रारंभ हुई, पूरा नगर "जय श्रीकृष्ण" के नारों से गूंज उठा। रंग–बिरंगी सजावट, रोशनी और भक्ति गीतों ने माहौल को कृष्णमय बना दिया।

**बरसात भी नहीं रोक सकी आस्था :** रिमझिम बारिश के बावजूद श्रद्धालु झूमते और नाचते रहे। शोभायात्रा वार्ड 06 से निकलकर सिविल लाइन, गौरव पथ, तिरंगा चौक होते हुए शीतला मंदिर तक पहुंची। मार्गभर पुष्पवर्षा कर भक्तों ने भगवान की बारात का स्वागत किया।

**महिलाओं का उत्साह रहा विशेष :** पुराना मंगल बाजार क्षेत्र में महिलाओं ने लड्डू गोपाल और भागवत महापुराण की पूजा–अर्चना कर स्वागत किया। कई महिलाएं हाथों में भागवत महापुराण थामे बारात में शामिल हुईं।

### नगर में गूंजे राधे–राधे

पार्षद छगन यादव ने कहा कि बरसात ने भी श्रद्धालुओं की आस्था को नहीं रोका। नगर की सामाजिक और धार्मिक एकता का यह अद्भुत उदाहरण है। वहीं बुजुर्ग श्रद्धालु धरमिन बाई सिन्हा ने भावुक होकर कहा कि ऐसी भव्य बारात पहली बार देखी, मानो भगवान सच में विवाह करने नगर आए हों।



### कथा और भक्ति का अद्भुत संगम

विख्यात कथा वाचक आचार्य पं. प्रेम किशोर शर्मा (तूता, नया रायपुर) की मधुर वाणी में रुक्मणी–कृष्ण विवाह प्रसंग का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। बारिश के बीच भी कथा स्थल पर अपार जनसैलाब उमड़ा। शोभायात्रा का समापन शीतला मंदिर में विशेष पूजन और प्रसादी वितरण के साथ हुआ। आज दोपहर गीता पाठ के पश्चात भव्य भंडारे का आयोजन होगा। गरियाबंद नगर ने इस आयोजन से साबित कर दिया कि श्रद्धा के आगे मौसम की कोई बाधा नहीं होती।

# खुले पड़ मीटर पैनल बाक्स में करंट, हादसे की आशंका

**अभनपुर।** सेक्टर-27 नवा रायपुर स्थित विद्या मेडिकल अग्रवाल के पीछे मकान नंबर पीए 90 के पास बिजली विभाग और हाउसिंग बोर्ड की लापरवाही के कारण खुले पड़े मीटर पैनल बॉक्स से करंट प्रवाहित हो रहा है। इसकी वजह से पिछले दो दिनों में कई गायों की मौत हो चुकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि घटना स्थल के पास ही एक निजी स्कूल संचालित है, जहां रोजाना सैकड़ों बच्चों का आना-जाना होता है।

ऐसे में खुले पैनल बॉक्स से करंट का खतरा बच्चों और आम नागरिकों की जान पर भी मंडरा रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला पंचायत सदस्य श्रीमती भिनू सुजीत घिढौड़े ने तत्काल बिजली विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर समस्या का समाधान करने तथा सेक्टर में खुले पड़े सभी पैनल बॉक्स को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। लोगों का आरोप है कि एनआरडीए और हाउसिंग बोर्ड की अनदेखी के कारण नवा रायपुर के चौक-चौराहों पर सैकड़ों गायों का जमावड़ा रहता है, जिससे सडक दुर्घटनाओं की संभावनाएं भी लगातार बढ़ रही हैं।

# पुलिस व एसबीआई ने चलाया साइबर जागरुकता अभियान




**गरियाबंद।** पुलिस और भारतीय स्टेट बैंक शाखा अमलीपदर के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल नयापारा अमलीपदर में साइबर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए।

कार्यक्रम में थाना अमलीपदर की टीम ने विद्यार्थियों को समझाया कि अनचाहे लिंक या ऐप्स को डाउनलोड न करें, किसी भी परिस्थिति में ओटीपी साझा न करें, अपने बैंक खाते को किराए पर न दें और 'डिजिटल अरेस्ट' जैसी धोखाधड़ी से सावधान रहें। उन्होंने बताया कि किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई जानी चाहिए। इसी तरह भारतीय स्टेट बैंक अमलीपदर की टीम ने विद्यार्थियों को अपने बैंक खाते की नियमित जांच करने, एटीएम ओटीपी साझा न करने, ऑनलाइन शॉपिंग करते समय सतर्क रहने और ऑनलाइन जॉब ऑफर्स जैसे झांसे में न आने की जानकारी दी। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को साइबर फ्रॉड से सतर्क कर सुरक्षित डिजिटल लेन-देन की दिशा में जागरूक करना रहा।

# खराब रोड को लेकर दिया ज्ञापन, दिखा तुरंत असर





**राजिम।** नगर पंचायत के अध्यक्ष महेश यादव ,सभापति भारत यादव, कुलेश्वर साहू, आकाश राजपूत, बलराम यादव ने नगर में सड़क की खराब स्थिति को लेकर लोक निर्माण विभाग के एसडीओ मनीष साहू को मंगलवार को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन का असर ऐसा हुआ कि बुधवार सुबह से नगर के भीतर जितने भी गढ्ढे नजर आए, उनको भरने का काम शुरू कर दिया गया।

- दूसरे दिन से ही शुरू हो गया गड्ढों को भरने का काम

बता दें कि बस स्टैण्ड से शिवाजी चौक,फिंगेश्वर मार्ग पर तहसील कार्यालय तक की स्थिति चलने लायक भी नहीं है। इसी तरह गरियाबंद रोड में स्टेट बैंक से हटरी बाजार तक की स्थिति बहुत खतरनाक है।

आगे राजिम माता चौक से पथर्रा नाला तक अत्यंत जर्जर है, जहां आए दिन दुर्घटना होते रहती है। इन तीनों मार्गो पर यातायात का दबाव बहुत ज्यादा रहता है। पथर्रा मार्ग पर शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय है, जहां विद्यार्थी प्रतिदिन आना-जाना करते हैं। गरियाबंद मार्ग पर भी यातायात का दबाव बहुत ज्यादा होने से दुर्घटना की संभावना बढ़ी हुई है। इन सभी मार्गों को दुरूस्त करने नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष एवं पार्षदो ने लोक निर्माण विभाग को ज्ञापन दिया। ज्ञापन का असर दूसरे दिन से ही देखने को मिल रहा है।

# लोन के लिए एक साल से भटक रहा आदिवासी युवा




हरिभूमि न्यूज ▸▸| मुड़ागांव(कोरासी)

ग्राम पंचायत करकरा के आश्रित ग्राम कोरासी का आदिवासी युवा अजय ठाकुर खादी ग्राम उद्योग योजना के तहत स्वरोजगार के लिए एक साल पहले ऑनलाइन आवेदन कर चुका है।

लेकिन इतने समय के बावजूद भी उसे बैंक से लोन स्वीकृति नहीं मिली। इस दौरान उसने कई बार बैंक का चक्कर लगाया, पर हर बार उसे निराशा ही हाथ लगी। समाजसेवी का सरकार पर तीखा हमला जिले के सक्रिय समाजसेवी मनोज पटेल ने इस प्रकरण पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि सरकार योजनाएँ चलाकर प्रचार में लगी है, जबकि ज़मीनी स्तर पर युवाओं को बैंकों के चक्कर काटने पर मजबूर होना पड़ रहा है। रोजगार देने में सरकार विफल रही है और अब लोन दिलाने में भी असफल नजर आ रही है।

## बिना पुस्तक के जारी हैं मासिक परीक्षाएं, बच्चों की पढ़ाई पर संकट

# ढाई माह बाद भी नहीं मिलीं किताबें, मैनपुर के आदिवासी बच्चे पढ़ाई को तरस रहे

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र में शैक्षणिक सत्र शुरू हुए ढाई महीने बीत चुके हैं, लेकिन अब तक सैकड़ों स्कूली बच्चों को पाठ्य पुस्तकें नहीं मिल पाई हैं। शासन द्वारा पहली से बारहवीं तक के छात्रों को निःशुल्क किताबें देने की घोषणा के बावजूद, अब तक कई स्कूलों में छात्र बिना किताबों के पढ़ाई करने को मजबूर हैं। स्थिति यह है कि किताबें न होने के बावजूद मासिक परीक्षाएं लगातार जारी हैं। बच्चों और शिक्षकों ने कई बार संबंधित अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक समाधान नहीं हो पाया। शिक्षा विभाग के अधिकारी इसे पाठ्य पुस्तक निगम का मामला बताकर अपनी जिम्मेदारी से बचते नजर आ रहे हैं।

- अधिकारियों ने जिम्मेदारी से झाड़ा पल्ला, किताब वितरण पर सवाल



### क्या कहते है जिला शिक्षा अधिकारी

जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद जगजीत सिंह धीर ने बताया इस संबंध में पूरी जानकारी भेजी जा चुकी है टेस्ट बुक कॉर्पोरेशन द्वारा पुस्तक का वितरण किया जाता है इसमें हमारा कोई लेना देना नही है। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा निश्चित रूप से पढ़ाई प्रभावित हो रही है लेकिन यह टेस्ट बुक कॉर्पोरेशन एवं राज्य सरकार का मामला है।

### कक्षा 6वीं से 10वीं तक की पुस्तकें नहीं उपलब्ध

मैनपुर क्षेत्र के कई स्कूलों में कक्षा 6वीं के लिए हिंदी, अंग्रेज़ी, विज्ञान, 7वीं के लिए संस्कृत, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, 8वीं के लिए विज्ञान व सामाजिक विज्ञान भाग-1 की पुस्तकें अब तक नहीं मिली हैं। कक्षा 9वीं व 10वीं के लिए अंग्रेज़ी की किताबें पूरे विकासखंड में नहीं बंटी हैं। शिक्षक न तो पुराने पाठ्यक्रम से पढ़ा पा रहे हैं और न ही नया पाठ्यक्रम शुरू हो पा रहा है, जिससे बच्चों की पढ़ाई गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है।

